Kagome Group मानव अधिकार संबंधी नीति

हमारा मानना है कि हमारे व्यवसाय संबंधी गतिविधि में शामिल लोगों, और हम जिनमें व्यवसाय करकते हैं उन देशों और प्रदेशों के लोगों के मूलभूत मानव अधिकारों का सम्मान करना Kagome Group (जिसे इसके पश्चात Kagome Co., Ltd और उसकी संगठित अनुषंगी कंपनियों का उल्लेख करने के लिए उपयोग किया जाएगा), जब ग्रूप हमारे कॉर्पोरेट दर्शन को कार्यरूप दे रहा है उस दौरान, का कर्तव्य है।

मानव अधिकारों का सम्मान करने की हमारी ज़िम्मेदारी को पूरा करने की मार्गदर्शिका के रूप में, हमने Kagome Group मानव अधिकार संबंधी नीति (जिसे इसके पश्चात "यह/इस नीति" कहा जाएगा), की रचना की है और अपनी गतिविधियाँ इस नीति के आधार पर करेंगे।

हम इस नीति को लागू करने के लिए उपयुक्त संरचना तैयार करेंगे, जिसमें सबसे पहले यह स्पष्ट किया जाएगा कि इसको लागू करने का दायित्व किसका है।

मूलभूत अभिगम

हम इस नीति को एक ऐसी नीति के रूप में देखते हैं, जो Kagome की आचार संहिता की पूरक है, और हम निम्नलिखित अतंर्राष्ट्रीय मानकों का पालन और सम्मान करेंगे।

- अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकर बिल
- कार्यस्थल पर मूलभूत सिद्धातों और अधिकारों के बारे में ILO की घोषणा, MNE घोषणा
- बहु-राष्ट्रीय कंपनियों के लिए ज़िम्मेदार व्यावसायिक व्यवहार के बारे में OECD के दिशानिर्देश
- बच्चों के अधिकार और व्यवसाय के सिद्धांत

अपने मानव अधिकार संबंधी सम्यक् तत्परता कार्य करने के लिए हम संयुक्त राष्ट्र के व्यवसाय और मानव अधिकारों के बारे में निर्देशक सिद्धांतों को ढाँचे के रूप में लेंगे, और हम जहाँ पर व्यावसायिक गतिविधि करते हैं उन सभी देशों और प्रदेशों में लागू कानूनों का पालन करेंगे। अंतर्राष्ट्री स्तर पर स्वीकृत मानव अधिकारों और स्थानीय कानूनों के बीच किसी भी विसंगति की स्थिति में, हम मानव अधिकारों के बारे में अंतर्राष्ट्रीय सिद्धांतों का सम्मान करने का तरीका खोजेंगे।

प्रयोज्यता का विस्तार

यह नीति Kagome Group के सभी एग्ज़िक्यूटिवों और कर्मचारियों पर लागू होती है। इसके अलावा, जहाँ हम अपनी व्यावसायिक गतिविधियों में मानव अधिकारों के सम्मान का अपना दायित्व पूरा करते हैं, हम यह माँग करेंगे कि हमारे सभी व्यावसायिक साझीदार, जो कि Kagome Group के उत्पादों और सेवाओं में शामिल हों, इस नीति को समझें और उसका अनुसरण करें, और साथ ही उन्हें मानव अधिकारों का सम्मान करने को प्रेरित करेंगे और उनके साथ मिलकर मानव अधिकारों के लिए सम्मान को प्रोत्साहन देने के लिए काम करेंगे।

हितधारकों के मानव अधिकारों का सम्मान

हम स्वीकार करते हैं कि हमारी सभी व्यावसायिक गतिविधियों के प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मानव अधिकारों को प्रभावित करने की संभावना है, और Kagome Group की व्यावसायिक गतिविधियों में सभी हितधारकों के मानव अधिकारों का सम्मान करेंगे।

कार्यस्थल परिवेश में सुधार

- लंबी अवधि में काम को सुगम बनाने के लिए हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारे कार्यस्थल सुरक्षित, साफ और स्वास्थ्यप्रद हों।

वाजिब वेतन और कार्य समय प्रबंधन

• हम वाजिब वेतन चुकाएंगे और कार्य समय का कानून के अनुसार प्रबंधन करेंगे।

मूलभूत श्रमिक अधिकारों का सम्मान

• हम संघ बनाने की स्वतंत्रता के अधिकार का, संयुक्त सौदेबाज़ी के अधिकार का और ऐसे अन्य मूलभूत श्रमिक अधिकारों का सम्मान करेंगे।

बेगार या बाल मज़दूरी नहीं

• हम बेगारी, बाल मज़दूरी, मानव तस्करी या आधुनिक गुलामी के किसी भी अन्य रूप में हिस्सा नहीं लेंगे।

कोई भेदभाव या उत्पीड़न नहीं

• हम राष्ट्रीयता. मूल वंश, जाति, मान्यताओं, आदर्शों, धर्म, लिंग, लैंगिक पहचान, यौन पसंद, अक्षमता, आयु, सामाजिक स्थान जैसी चीज़ों के आधार पर भेदभाव के सभी रूप हटा देंगे और कभी भी उत्पीड़न के ऐसे कार्य में हिस्सा नहीं लेंगे जो व्यक्ति की गरिमा को भंग करे।

निजी जानकारी की उपयुक्त व्यवस्था और निजता का सम्मान

• हम निजी जानकारी की सुरक्षा संबंधी कानून का अनुपालन करेंगे, और निजता का सम्मान करते हुए योग्य तरीके से निजी जानकारी का प्रबंधन करने का प्रयास करेंगे।

मानव अधिकार संबंधी सम्यक् तत्परता

मानव अधिकार संबंधी सम्यक् तत्परता कार्रवाई कर के हम समाज में मानव अधिकारों पर हमारे किसी भी नकारात्मक प्रभाव की पहचान करेंगे और ऐसे प्रभावों को होने से रोकने या उन्हें कम करने के लिए कार्य करेंगे।

उपाय

अनुपालन संबंधी समस्याओं और मुखबिरी के लिए संपर्क बिंदु प्रदान करने के माध्यम से हम तेज़ी से मानव अधिकारों पर नकारात्मक प्रभावों को पहचानने और रोकने का प्रयास करेंगे।

अगर यह स्पष्ट हो जाए, कि हमारी व्यासवसायिक गतिविधियों का मानव अधिकारों पर सीधा नकारात्मक प्रभाव हुआ है या उसमें कोई योगदान हुआ है, तो हम इसके लिए उपयुक्त प्रक्रियाओं द्वारा प्रतिफल देने के लिए काम करेंगे।

संवाद और चर्चा

इस नीति को लागू करने की प्रक्रिया में, हम स्वतंत्र बाहरी स्रोतों से मानव अधिकारों के बारे में विशेषज्ञतापूर्ण जानकारी से लाभान्वित होंगे और हितधारकों से सद्भावपूर्ण संवाद और चर्चा का आयोजन करेंगे।

शिक्षा और प्रशिक्षण

हम एग्ज़िक्यूटिवों और कर्मचारियों की उपयुक्त शिक्षा और प्रशिक्षण करेंगे ताकि यह नीति हमारी सभी व्यावसायिक गतिविधियों का हिस्सा बन जाए और प्रभावी ढंग से लागू हो।

जानकारी का प्रकटन

हम अपनी मानव अधिकारों संबंधी पहलों और हमारे मानव अधिकार संबंधी सम्यक् तत्परता कार्यों के बारे में नियमित रूप से हमारी वेबसाइट और समेकित रिपोर्ट जैसे संचार माध्यमों से रिपोर्ट जारी करेंगे।